his family members are beneficiaries; and

(b) if so, whether Government have received any petition on this issue?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ECONOMIC AFFAIRS IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) The Industrial Development Bank of India (IDBI) has reported that the loan of over Rs. 6.72 crores sanctioned by it along with other financial institutions for purposes of mining activity in the State of Gujarat has been to Gujarat Mineral Development Corporation. This is a wholley owned State Government undertaking. The loan has been sanctioned in accordance with institutional norms.

(b) IDBI has reported that they have not received any petition in respect of the above loan.

शीशम की लकड़ी पर नक्काशी करके बनायी गयी वस्तुओं का निर्यात

2795. **श्री रशीद मसूद** : क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर क्षेत्र में शीशम की लकड़ी पर नक्काशी करके अनेक वस्तुएं बनायी जाती हैं और उसके बाद उनका निर्यात किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में वर्षवार कितना-कितना निर्यात किया गया ;

(ग) क्या यह भी सच है कि गत तीन वर्षों के दौरान उनके निर्यात में आहिस्ता-आहिस्ता कमी आई है और निर्यातकों ने इस व्यापार में कठिनाइयों को दूर करने के लिए समय-समय पर सरकार से आग्रह किया है, और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) इस निर्यातोन्मुख उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने कौन-कौन से प्रभावी कदम उठाए हैं ?

वस्त्र मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) निर्यातकों से इस व्यापार में आने वाली कठिनाइयों के सम्बन्ध में कोई सूचना नहीं मिली है । तथापि, रोज-वुड मदों सहित हस्तशिल्प के निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं ।

(1) रोज-वुड हस्तशिल्प सहित लकड़ी की कलात्मक वस्तुओं के निर्यात इनके लिए पात्र हैं :--

(i) एफ०ओ०बी० मूल्य की 10 प्रतिशत दर से नकद मुआवजा सहायता ।

(ii) 1-8-86 से 180 दिनों की अवधि के लिए 9.5 प्रतिशत की दर से लदान-पूर्व तथा लदान-पश्चात् ऋण ।

(iii) आयात तथा निर्यात नीति के अन्तर्गत एफ०ओ०बी० मूल्य के 6 प्रतिशत की दर से आर०ई०पी० ।

(2) हस्तशिल्प के लिए एक अलग से निर्यात संवर्धन परिषद् की स्थापना की गई है ।

(3) रोज-वुड कलात्मक वस्तुओं सहित विभिन्न हस्तशिल्पों के लिए बाजार सम्भाव्यता का पता लगाने हेतु शीघ्र ही एक बिक्री सह-अध्ययन दल संभवतः सं. रा. अमरीका, कनाडा, ब्रिटेन, फ्रांस, पश्चिम जर्मनी, बेल्जियम तथा डेनमार्क का दौरा करेगा ।